प्रश्नपत्र संख्या

25 06 1

हिंदी विकास मंच द्वारा आयोजित

# अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड

विद्यालय का नाम – .................................................... राज्य ....................

प्रतियोगी का नाम – ........................................ ह० .................. अनुक्रमांक: ..................

कुल समय : 1 घंटा | **कक्षा-छठी** | कुल अंक: 100

**निर्देश:** 1) सभी प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प चुनिए।
2) प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।
3) किसी प्रश्न का उत्तर न देने पर न तो अंक दिए जाएँगे न ही काटे जाएँगे।
4) एक से अधिक उत्तर देने पर या गलत उत्तर देने पर (–½) नकारात्मक अंक दिए जाएँगे।

**परीक्षा उपरांत प्रश्न पत्र एवं उत्तर पत्रिका कक्ष निरीक्षक को दें।**

**प्रश्न 1. निम्न में से कौन-सा शब्द समूह जातिवाचक संज्ञा का उदाहरण है?**
(क) मोहन, गीता (ख) लड़का, पक्षी (ग) बिल्ला, राजा

**प्रश्न 2. "वह स्वयं अपना दोष मान गया।" - वाक्य में "स्वयं" किस प्रकार का सर्वनाम है?**
(क) निश्चयवाचक (ख) निजवाचक (ग) संबंधवाचक

**प्रश्न 3. "मीठा बोलो" में "मीठा" शब्द किस प्रकार का विशेषण है?**
(क) गुणवाचक विशेषण (ख) परिमाणवाचक विशेषण (ग) सार्वनामिक विशेषण

**प्रश्न 4. "वह दौड़ चुका है।" - इस वाक्य की क्रिया किस काल की है?**
(क) सामान्य वर्तमान (ख) पूर्ण भूतकाल (ग) पूर्ण वर्तमान काल

**प्रश्न 5. "बच्चों ने किताब पढ़ी।" - वाक्य में कौन-सा कारक है?**
(क) करण (ख) कर्ता (ग) अपादान

**प्रश्न 6. "गाड़ी" शब्द किस लिंग का है?**
(क) पुल्लिग (ख) स्त्रीलिंग (ग) नपुंसकलिंग

**प्रश्न 7. पुरुषवाचक सर्वनाम के कितने भेद होते हैं?**
(क) तीन (ख) चार (ग) छह

**प्रश्न 8. "राजा को इनाम मिला।" - वाक्य में "राजा को" कौन-सा कारक है?**
(क) संप्रदान कारक (ख) करण कारक (ग) अपादान कारक

**प्रश्न 9.** **"रामायण एक पवित्र ग्रंथ है।" - इस वाक्य में विशेषण की पहचान कीजिए।**

(क) रामायण (ख) पवित्र (ग) ग्रंथ

**प्रश्न 10.** **"जो परिश्रम करता है, वही सफल होता है।" - वाक्य में कौन-सा संबंधवाचक सर्वनाम है?**

(क) वही (ख) जो (ग) करता

**प्रश्न 11.** **"शिक्षक" शब्द में कौन-सा प्रत्यय है?**

(क) क (ख) अक (ग) क्षक

**प्रश्न 12.** **'कपड़ा' शब्द का पर्यायवाची नहीं है-**

(क) पट (ख) चीर (ग) दृग

**प्रश्न 13.** **"विद्यालय" शब्द में कौन-सी संधि है?**

(क) यण संधि (ख) दीर्घ संधि (ग) गुण संधि

**प्रश्न 14.** **"सीखता" में मूल क्रिया क्या है?**

(क) सीखा (ख) सीख (ग) सीखना

**प्रश्न 15.** **'काठ' तथा 'काट' शब्दों के क्रमशः अर्थ है-**

(क) लकड़ी तथा काटना (ख) काटना तथा लकड़ी (ग) पेड़ तथा जड़

**प्रश्न 16.** **शुद्ध श्रुतिसमभिन्नार्थक - अभय उभय युग्म का सही अर्थ है-**

(क) दोनों-निर्भय (ख) डर-निडर (ग) निर्भय-दोनों

**प्रश्न 17.** **"धोबी कपड़े धो रहा है।" - वाक्य में कौन-सी क्रिया है?**

(क) सकर्मक (ख) अकर्मक (ग) सहायक

**प्रश्न 18.** **"खेल" शब्द में कौन-सा तत्सम शब्द होगा?**

(क) क्रीड़ा (ख) खेलना (ग) क्रीड़ा करना

**प्रश्न 19.** **"दौड़ना" किस प्रकार की क्रिया है?**

(क) सकर्मक (ख) अकर्मक (ग) संयोजक

**प्रश्न 20.** **"ध्यानपूर्वक पढ़ो।" - वाक्य में "ध्यानपूर्वक" क्या है?**

(क) क्रिया विशेषण (ख) विशेषण (ग) क्रिया

**प्रश्न 21.** **"मूल्यहीन" शब्द में कौन-सा उपसर्ग है?**

(क) हीन (ख) मूल (ग) नि

**प्रश्न 22. पहाड़ी हिंदी की बोली है-**

(क) मंडेली (ख) भोजपुरी (ग) मैथिली

**प्रश्न 23. संकर शब्द है-**

(क) रेलगाड़ी (ख) जल (ग) रस्सी

**प्रश्न 24. निम्नलिखित में से वाक्य के शुद्ध रूप का चयन कीजिए-**

(क) छात्रों ने मुख्य अतिथि को एक माला फूलों की पहनाई।

(ख) छात्रों ने मुख्य अतिथि को एक फूलों की माला पहनाई।

(ग) छात्रों ने मुख्य अतिथि को फूलों की माला एक पहनाई।

**प्रश्न 25. "प्रवेश" शब्द का सही उपसर्ग क्या है?**

(क) वेश (ख) प्र (ग) प्रव

**प्रश्न 26. "क्या तुमने अपना कार्य पूरा किया?" - वाक्य का भेद क्या है?**

(क) प्रश्नवाचक (ख) निषेधवाचक (ग) विस्मयवाचक

**प्रश्न 27. "मैं कल पुस्तकालय जाऊँगा।" - यह किस काल का वाक्य है?**

(क) वर्तमान (ख) भूतकाल (ग) भविष्यत काल

**प्रश्न 28. "राजा ने सैनिकों को बुलाया।" - इस वाक्य में कर्म कौन-सा है?**

(क) राजा (ख) सैनिकों को (ग) बुलाया

**प्रश्न 29. समान - सामान शब्द युग्म का अर्थ है-**

(क) तरह - वस्तु (ख) वस्तु - तरह (ग) सम्मान - सामग्री

**प्रश्न 30. 'अंक' शब्द का अर्थ नहीं होता है-**

(क) गोद (ख) संख्या (ग) अंग

**प्रश्न 31. निम्नलिखित शब्दों में से उचित स्थान पर अनुनासिक का प्रयोग कीजिए-**

(क) धुआँ (ख) धुँआँ (ग) धुँआ

**प्रश्न 32. आलोक का विलोम शब्द है-**

(क) अदभुत (ख) अज्ञात (ग) अंधकार

**प्रश्न 33. "बच्चा रो रहा है।" - यह कौन-सा काल है?**

(क) सामान्य वर्तमान (ख) अपूर्ण वर्तमान (ग) पूर्ण वर्तमान

**प्रश्न 34. "उसने चोरी न की होती।" - काल बताइए।**

(क) अपूर्ण भूतकाल (ख) पूर्ण भूतकाल (ग) आसन्न भूतकाल

**प्रश्न 35. "सत्य ही शिव है।" - यह वाक्य कौन-से वाक्य भेद का है?**

(क) प्रश्नवाचक (ख) विश्लेषणात्मक (ग) विधानवाचक

**प्रश्न 36. "बालक पुस्तक पढ़ता है।" - क्रिया का प्रकार है:**

(क) सकर्मक (ख) अकर्मक (ग) संयुक्त

**प्रश्न 37. किस विकल्प में सभी शब्द 'पुत्री' के पर्यायवाची हैं-**

(क) अनुजा, तनुजा (ख) सुता, यामा (ग) दुहिता, आत्मजा

**प्रश्न 38. "राम ने कहा - मैं घर जा रहा हूँ।" - यहाँ '-' किस विराम चिह्न का संकेत है?**

(क) उद्धरण चिह्न (ख) रेखाचिह्न (ग) विस्मय चिह्न

**प्रश्न 39. "पाँव उखड़ना" का अर्थ क्या है?**

(क) पैर टूट जाना (ख) अस्थिर हो जाना (ग) दौड़ना शुरू करना

**प्रश्न 40. "सुंदरता" शब्द में प्रत्यय क्या है?**

(क) ता (ख) पा (ग) ना

**प्रश्न 41. "आँखें दिखाना" मुहावरे का सही अर्थ है-**

(क) देख लेना (ख) गुस्सा करना (ग) अंधा होना

**प्रश्न 42. "यदि मैं पढ़ता, तो पास होता।" - यह किस प्रकार का वाक्य है-**

(क) संकेतवाचक (ख) निषेधवाचक (ग) आज्ञावाचक

## ( अपठित गद्यांश )

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

योग भारत की प्राचीन विद्या है। यह केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मन, शरीर और आत्मा का मेल है। योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है और मन शांत रहता है। प्रातः काल का समय योग के लिए सबसे उत्तम होता है। योग में कई प्रकार के आसन होते हैं, जैसे - ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, और श्वासन। ये सभी आसन शरीर को लचीला बनाते हैं और मानसिक तनाव को दूर करते हैं। योग करने से हमें आत्मविश्वास बढ़ता है। बच्चे यदि नियमित योग करें, तो वे पढ़ाई में बेहतर ध्यान लगा सकते हैं और हमेशा ऊर्जावान बने रहते हैं। इसके अलावा योग हमें अनुशासन और एकाग्रता भी सिखाता है। आजकल स्कूलों में भी योग को महत्व दिया जा रहा है। हर साल 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। इस दिन लोग सामूहिक रूप से योग करके लोगों को उसके लाभ बताते हैं। हमें योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। अगर हम प्रतिदिन केवल 20 मिनट भी योग करें, तो हम अपने जीवन को सुंदर, स्वस्थ और सुखद बना सकते हैं।

**प्रश्न 43. योग का मुख्य उद्देश्य क्या है?**

(क) केवल व्यायाम करना (ख) अधिक सोना (ग) मन, शरीर और आत्मा का मेल

**प्रश्न 44. योग से बच्चों को कौन-से लाभ होते हैं?**

(क) केवल मनोरंजन (ख) खेल में जीतना (ग) ध्यान और ऊर्जा में वृद्धि

**प्रश्न 45. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कब मनाया जाता है?**

(क) 15 अगस्त (ख) 21 जून (ग) 2 अक्टूबर

**प्रश्न 46. श्वासन किस प्रकार का योगासन है?**

(क) दौड़ने वाला (ख) बैठने वाला (ग) विश्राम देने वाला

**निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

नभ के कोने-कोने में, उजियारा मुस्काता है,
सुनहरी किरणों की चादर, धरती पर बिछ जाती है।
सोई पंक्तियाँ खेतों की, हौले-से अंगड़ाती हैं,
बूढ़ी नदी भी गीतों में, अपने दुख बिसराती है।
बच्चे नंगे पाँव लिए, आशाओं की थाली लें,
खुले गगन में फिर सपना, नए रंग से रचने चलें।
पवन लहरती चुपचाप कुछ, कानों में कह जाती है,
"उठो, चलो तुम, अब रुकना भी एक भूल कहलाती है।"

**प्रश्न 47. कविता में “नभ के कोने-कोने में उजियारा मुस्काता है” का तात्पर्य है-**

(क) रात हो रही है

(ख) अंधेरा बढ़ रहा है

(ग) नया दिन आरंभ हो रहा है

**प्रश्न 48. “आशाओं की थाली” - किसके प्रतीक हैं?**

(क) भोजन के

(ख) सपनों और उम्मीदों के

(ग) मेहनत और साधन के

**प्रश्न 49. कविता का मुख्य संदेश क्या है?**

(क) विश्राम करना

(ख) नए दिन की शुरुआत और आगे बढ़ने की प्रेरणा

(ग) अकेले चलना

**प्रश्न 50. “पवन लहरती चुपचाप कुछ, कानों में कह जाती है” - इस पंक्ति में क्या दर्शाया गया है?**

(क) पवन बहुत तेज है

(ख) कल्पना के माध्यम से संदेश

(ग) हवा का डर